22

दिनांक 15.01.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर आरा में हुई वैज्ञानिक सलाहकार समिति कि दसवीं बैठक की कार्यवाही।

दिनांक 15.01.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर आरा के मुख्य सभागार में डॉ0 आर.के0. सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0वि0, सबौर, की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया।

1. डॉ0 आर.के. सोहाने, — अध्यक्ष
निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0वि0, सबौर, भागलपुर।

2. डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, — सदस्य
प्रमुख वैज्ञानिक, अटारी, पटना।

3. श्री रंजीत सिन्हा, — सदस्य
डी.डी.एम., नबार्ड, भोजपुर।

4. श्री राजेश कुमार चौधरी, — सदस्य
एल.डी.एम., पी.एन.बी., भोजपुर।

5. श्री रोहित रंजन, — सदस्य
सी.डी.ओ., हारभेस्ट प्लस, भोजपुर।

6. डॉ0 ब्रजेश कुमार, — सदस्य
सहायक निदेशक, सस्य, भोजपुर।

7. श्री गुड्डु कुमार सिंह, — सदस्य
मत्सय विकास पदाधिकारी
प्रतिनिधि–जिला मत्सय पदाधिकारी,, भोजपुर।

8. श्री पंकज चक्रवर्त्ती, — सदस्य
मत्सय विकास पदाधिकारी, भोजपुर ।

9. डॉ0 अविनाश कोन्डिन्या, — सदस्य
अनुमंडल पशुपालन पदाधिकारी,
प्रतिनिधि – जिला पशुपालन पदाधिकारी, भोजपुर।

10. श्री अभिमन्यु कुमार, — सदस्य
सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, भोजपुर।

11. श्री विनय कुमार, — सदस्य
प्रतिनिधि–उप निदेशक, आत्मा, भोजपुर।

12. श्री संजीव कुमार सिंह, — सदस्य
प्रगतिशिल कृषक, जलपुरा, भोजपुर, आरा।

13. श्री प्रवीणकुमार सिंह, — सदस्य
पुरूष उद्यमी, हेमतपुरा, भोजपुर, आरा।

14. श्रीमति कुमारी सुनिता सिंह, — सदस्य
महिला कृषि उद्यमी, भोजपुर।

15. श्रीमति फूल कुमारी देवी, — सदस्य
महिला कृषक, खेसरहिया, भोजपुर।

16. डॉ0 प्रवीण कुमार द्विवेदी — सदस्य सचिव
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, के0भी0के0, भोजपुर।

**विशेष आमंत्रित सदस्यगण**

1. श्री अशोक कुमार,
हार्वस्ट प्लेस, पटना।

2. श्री कौशल सिंह,
निदेशक, एफ.पी.ओ., बखोरापुर, बिशनपुरा., भोजपुर

केन्द्र कर्मियों की उपस्थिति

1. श्रीमति सुप्रिया वर्मा, वि0व0वि0 (गृह विज्ञान)
2. श्री शशि भूषण कुमार शशि, वि0व0वि0 (पौधा संरक्षण)
3. डॉ0 सच्चिदानन्द सिंह, वि0व0वि0(कृषि प्रसार)
4. डॉ0 अनील कुमार यादव वि0व0वि0(पी.बी.जी.)
5. श्री सुनील कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक
6. श्री पंकज कुमार, कार्यक्रम सहायक कम्प्यूटर
7. श्री राधाकृष्णन नायर, आशुलिपिक
8. श्री अंकित कुमार उपाध्याय, टी.ए., सी.आर.ए. कार्यक्रम, भोजपुर।

सर्व प्रथम वरीय वैज्ञानिक एण्ड हेड, कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर के द्वारा सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। तत्पश्चात् केन्द्र द्वारा पूर्व से संचालित सभी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। आगामी सभी प्रकार की कार्यक्रम एवं उनसे संबंधित कार्या योजना जिसे केन्द्र द्वारा संचालित किया जाना है, उसकी भी विस्तार से सदस्यों को जानकारी दी गई।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को तकनीकी सलाहकार समिति बैठक की महत्व एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी सदस्यों को मकर संक्राति एवं नववर्ष की शुभकामना दी गई।

मानननीय सदस्य डी.डी.एम. नाबार्ड, भोजपुर द्वारा जिला में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए श्रीअन्न आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई एवं उनके द्वारा विभिन्न श्रीअन्न फसलों के बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण स संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर बल देने का अनुरोध किया। श्री अन्न से जुड़े किसानों के लिए विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया। (अनुपालन – वि0व0वि0 (गृह विज्ञान)

माननीय सदस्य अग्रणी बैंक प्रबंधक, भोजपुर द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए टमाटर एवं मटर फसल की प्रसंस्करण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। (अनुपालन – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान)

प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा प्रस्तुतिकरण के दौरान राज्य एवं जिला के उत्पादन सघनता को भी ध्यान में रखने का सुझााव दिया गया। प्रक्षेत्र में सब्जी पौधशाला स्थापित कर विपणन प्रारम्भ करने की सलाह दी गई। केन्द्र द्वारा पशुपालन से संबंधित कार्यक्रमों जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित करने का भी सुझाव दिया।

(अनुपालन – वरिशठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, वि.व.व. (पादप प्रजनन) एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक)

प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा निदेश दिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के परियोजना एवं गैर परियोजना मद में प्राप्त राशि का शतप्रतिशत उपयोग करना सुनिश्चित किया जाय। (अनुपालन – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान)

प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा निदेश दिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र कोष का समृद्धि के लिए पौधशाला एवं बीज उत्पादन कार्यक्रम को सुदृढ किया जाय जिससे कृषि विज्ञान केन्द्र का Revolving Fund में गुणात्मक वृद्धि हो।

(अनुपालन – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान)

अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुतिकरण के क्रम में विविध कार्यक्रमों से जुड़े क्षेत्रफल एवं प्रभेद तकनीक की जानकारी भी उल्लेख करने का निदेश दिया गया। साथ ही सीड हब कार्यक्रम में मूँग फसल की बीज उत्पादन करने का भी सुभाव दिया गया एवं सीड हब योजना के Revolvigng Fund का विस्तृत विवरणी देने का भी निदेश दिया गया।

(अनुपालन – वरिशठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, वि.व.वि., (पादप प्रजनन) एवं सहायक, लेखा)

प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा अग्रीम पंक्ति प्रत्यक्षण में उपादानों की चर्चा की कम में सुझाव दिया गया कि निजी क्षेत्रों का बीज का प्रयोग यथा संभव नही करना चाहिए एवं कोई भी उपादान ओ.एफ.टी. के परिणाम के आधार पर होना चाहिए।

**(अनुपालन – सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)**

अध्यक्ष ने कुपोषण अन्मूलन कार्यक्रम की चर्चा करते हुए अंगिकृत ग्राम में चिन्हित लाभार्थी का पुनः स्वास्थ्य जाँच कर प्रतिवेदन संकलित करने एवं पोषण वाटिका कार्यक्रम का फोटोग्राफ संकलित करने का निदेश दिया। केन्द्र में स्थित मशरूम प्रदर्शन इकाई को 15 दिनों के अन्तर कार्यशील करने का निदेश भी दिया गया। **(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)**

अध्यक्ष द्वारा आर्या योजना से संबंधित समीक्षा के कम में मशरूम एवं मधुमखी पालन से संबंधित सभी प्रशिक्षणार्थियों को जिला उद्यान कार्यालय की योजना से जोड़ ने का आदेश दिया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों का सूची मोबाईल संख्या के साथ प्रस्तुत करने का आदेश दिया गय।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, पौधा संरक्षण एवं गृह विज्ञान)**

अध्यक्ष ने वर्त्तमान में जीरो टीलेज की संख्या एवं गुणात्मक प्रभाव का उल्लेख करते हुए परिणामों को चार्ट के माध्यम से प्रसतुत करने का सुझाव भी दिया गया।

**(अनुपालन – वरिश्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान )**

अध्यक्ष ने एक जिला एक उत्पादन योजना कार्यक्रम के समीक्षा के दौरान यह निदेशित किया गया कि उत्पादक कृषकों के द्वारा मांग किये गये प्रजातियों को केन्द्र द्वारा बीज उत्पादन कार्यक्रम में जोड़ा जाय साथ ही बीज उत्पादन से संबंधित Slide के अवलोकन के दौरान यह निदेशित किया गया कि आगामी बैठक में बीज उत्पादन से संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राफिक मोड़ में प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया । **(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, पादप प्रजनन)**

प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा अध्यक्ष को यह सुझाव दिया गया कि सभी कृषि विज्ञान केन्द्र में कम से कम 5–5 RAWE विद्याथियों को प्रशिक्षण के लिए भेजने की व्यवस्था किया जाय। **(अनुपालन – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान)**

अध्यक्ष द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत् दीर्घावधि परिक्षण में सर्वोत्तम फसल प्रणाली का पहचान करने का सुझाव दिया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, पौधा संरक्षण एवं टी.ए.)**

अध्यक्ष द्वारा बी.एस.डी.एम. योजना समीक्षा के कम में निदेशित किया गया कि 1 फरवरी 2024 से प्रशिक्षण प्रारम्भ करने का आदेश दिया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, पौधा संरक्षण एवं कार्यकम सहायक, कम्प्यूटर)**

माननीय उद्यमी सदस्य श्री प्रवीण कुमार सिंह, हेमतपुर द्वारा यह सुझाव दिया गया कि महिलाओं का स्वरोजगार हेतु गाँव में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया गया जिसपर प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना द्वारा SCSP योजना अन्तर्गत उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दिया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)**

माननीय कृषक सदस्य श्री संजीव कुमार, ग्राम जलपुरा द्वारा बताया गया कि सबौर दीप धान की किस्म में मिलिंग नही हो पा रही है। चावल टूट जाने के कारण इसका विपणन की समस्या हो रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि कृषि यंत्रों के रख–रखाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध भी किया गया, जिसपर निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा बताया गया कि सबौर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कृषकों की सूची प्रेषित करने का निदेश दिया गया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में आयोजित मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोजपुर की महिलाओं को गृह विज्ञान, कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर के साथ भाग लेने का आदेश दिया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, पौधा संरक्षण एवं गृह विज्ञान)**

माननीय महिला उद्यमी सदस्य श्रीमति कुमारी सुनीता सिंह, आरा द्वारा जैविक साबुन के उत्पादन एवं विवणन के बारे में अवगत कराया गया। उन्होने यह भी बताया कि मेरे यहाँ सिलाई मशिन की समुचित व्यवस्था है यहाँ पर भी महिलाओं को प्रशिक्षण कराया जाने की अनुरोध किया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)**

माननीय महिला कृषक सदस्य श्रीमति फूल कुमारी देवी द्वारा ओयस्टर मशरूम का विपणन में समस्या हो रही है साथ ही बटन मशरूम प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए अनुरोध किया गया।

**(अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान)**

अंत में माननीय अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को उनके रचनात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

15-1-2024

(डॉ0 पी0 के द्विवेदी)
सदस्य सचिव
वरिष्ठ वैज्ञानिक एण्ड हेड
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा

ज्ञापांक : 23 /कृ0वि0के0,भोजपुर,आरा — दिनांक – 15.01.2024

प्रतिलिपि :– डॉ0 आर.के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0वि0, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ समर्पित।

2. डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, प्रमुख वैज्ञानिक, अटारी, जोन – IV पटना को सूचनार्थ समर्पित।
3. सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ समर्पित।

15-1-2024

(डॉ0 पी0 के द्विवेदी)
सदस्य सचिव
वरिष्ठ वैज्ञानिक एण्ड हेड
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा

दिनांक 15.01.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर आरा के कार्यालय कक्ष में डॉ0 आर.के. सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर के पदाधिकारियों/कर्मचारियों की समीक्षात्मक बैठक अपराह्न 3.30 बजे हुई जिसमें उपस्थिति पंजी के अनुसार निम्नांकित पदाधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

1. डॉ0 आर. के सोहाने,
   निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0विवि0, सबौर, भागलपुर
2. डॉ0 अमरेन्द्र कुमार,
   प्रमुख वैज्ञानिक, अटारी, जोन –IV पटना
3. डॉ0 पी. के. द्विवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एपं प्रधान
4. श्रीमति सुप्रिया वर्मा, वि0व0वि0(गृह विज्ञान)
5. श्री शशि भूषण कुमार शशि, वि0व0व0 (पौधा संरक्षण)
6. डा0 सच्चिदानन्द सिंह, वि0व0वि0(कृषि प्रसार)
7. डा0 अनील कुमार यादव, वि0व0वि0(पादप प्रजनन)
8. श्री पंकज कुमार, कार्यक्रम सहायक कम्प्यूटर
9. श्री सुनील कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक
10. श्री राधाकृष्णन नायर, आशुलिपिक

निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0विवि0, सबौर, भागलपुर के अध्यक्षता में केन्द्र द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों के समीक्षा के क्रम में निम्नांकित दिशा –निर्देश दिये गयेः–

1. मिट्टी जाँच प्रयोगशाला को 10–15 दिन के अंतर प्रारंभ करने का निदेश श्री अनील कुमार, वि0व0वि0 (पादप प्रजनन) को दिया गया।

   **(अनुपालन–वि0व0वि0 (पादप्र प्रजनन)**

2. गृह विज्ञान लैब को अविलम्ब चालू करने का आदेश श्रीमति सुप्रिया वर्मा, वि0व0वि0 (गृह विज्ञान) को आदेश दिया गया।

   **(अनुपालन–वि0व0वि0 (गृह विज्ञान)**

3. कार्यालय भवन एवं सभी शैचालयों को मरम्मती एवं रंगारोपण करने का आदेश वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड एवं श्री राधाकृष्णन नायर, आशुलिपिक को दिया गया। साथ ही एक शैचालय महिलाओं के लिए कर्णाकित करने का भी आदेश दिया गया।

   **(अनुपालन–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं आशुलिपिक)**

4. सभी संवंधित वैज्ञानिाके को अपने–अपने लैब में भी बैठने का आदेश दिया गया।

   **(अनुपालन–सभी वि0व0वि0)**

5. डॉ सच्चिदानन्द सिंह, वि0व0वि0 (कृषि प्रसार) को यह निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र कार्यालय भवन का साईन बोर्ड एवं कार्यालय अंतर Name Plate एक समानरूप लगाने का आदेश दिया गय ।

   **(अनुपालन–वि0व0वि0 (कृषि प्रसार)**

6. श्री पंकज कुमार, कार्यक्रम सहायक कम्प्यूटर को स्टोर का प्रभारी का प्रभार अविलम्ब देने का आदेश दिया गया। साथ ही वरिष्ठ वि0व0वि0 को इसके प्रभारी पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का निदेश भी दिया गयण।

   **(अनुपालन– कार्यक्रम सहायक कम्प्यूटर )**

7. सी.आर.ए. कार्यक्रम हेतु एक 5G मोबाईल क्रय करने का आदेश दिया गया।

   **(अनुपालन–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधांन एवं सहायक लेखा)**

8. श्रीमति सुप्रिया वर्मा वि0व0वि0 (गृह विज्ञान) को वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन इंकाई को अविलम्ब चालू करने का आदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वि0व0वि0 (गृह विज्ञान)**

9. कुकुट इकाई को पी.पी.पी. मोड पर चालू करने का आदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं सहायक लेखा)**

10. अनुपयोगी वाहन निलामी हेतु एक समिति का गठन करने का आदेश भी दिया गया। साथ ही शीघ्र निलामी कर प्राप्त राशि अटारी, पटना को लौटाना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं सहायक लेखा)**

11. प्रभारी कृषक छात्रावास को यह निदेश दिया गया कि 15–20 दिनों के अन्तर छात्रावास का साफ–सफाई करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वि0व0वि0 (पौधा संरक्षण)**

12. स्वागत कक्ष का सौदरिकरण कर किसान स्वागत कक्ष बनाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान)**

13. नवीन पक्षेत्र सकड्डी में सिंचाई हेतु दो ट्यूबवेल 5 एच.पी. के मोटर सहित दो अलग–अलग स्थान पर स्थापित करने हेतु प्राक्कलन तैयार करने के लिए तकनीकी सहायक, सी.आर.ए. कार्यक्रम को निदेशित किया गया। साथ ही जीरो टीलेज मशीन, पोटेटो प्लान्टर, पोटेटो डिगर मशीन भी सी.आर.ए. योजना से खरीदने हेतु प्रस्ताव देने को कहा गया।

**(अनुपालन– तकनीकी सहायक, सी.आर.ए. कार्यक्रम)**

14. प्रक्षेत्र में सिचाई हेतु पी.वी.सी. पाईप द्वारा सिंचाई नाली सी.आर.ए. योजना से निर्माण करवाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वि0वि0वि0 (पादप प्रजनन) एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक)**

15. प्रक्षेत्र पर एक शैचालय की व्यवस्था करने का भी निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–वि0व0वि0 (पादप प्रजनन) एवं सहायक लेखा)**

अंत में माननीय अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को उनके रचनात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

15.1.2024

(डॉ0 पी0 के द्विवेदी)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एण्ड हेड
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा

ज्ञापांक :– 24 / कृ0वि0के0,भोजपुर,आरा — दिनांक – 15.01.204

प्रतिलिपि :– डॉ0 आर.के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0विवि0, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ समर्पित।

2. डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, प्रमुख वैज्ञानिक, अटारी, जोन – IV पटना को सूचनार्थ समर्पित।
3. सभी कर्मी, कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा को सूचनार्थ प्रेषित।

15.1.2024

(डॉ0 पी0 के द्विवेदी)
सदस्य सचिव
वरिष्ठ वैज्ञानिक एण्ड हेड
कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर, आरा